# प्रेस नोट– जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक– 20.06.2025

- **थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा खुद को पेटीएम कम्पनी से बताकर केवाईसी कराने के नाम पर दुकान स्वामियों के साथ ठगी करने वाले 03 शातिर अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार–**

  दिनांक 20.06.2025 को प्र0नि0 थाना मन्सूरपुर श्री सुभाष बाबू अत्री मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 183/2025 धारा 318(4),316(2),336(3),340(2),317(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. आलोक पुत्र महेश कुमार निवासी सैनी मौहल्ला चौक नागलोई थाना नागलोई दिल्ली 2. मोनू पुत्र राकेश कुमार निवासी लक्ष्मी पार्क नागलोई थाना नागलोई दिल्ली व 3. अमन वर्मा पुत्र मनोजी वर्मा निवासी निहाल बिहार नागलोई थाना नागलोई दिल्ली को मेरठ मुजफ्फरनगर मार्ग पर नावला फ्लाई ओवर से ग्राम नावला मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 लाख 35 हजार रूप्ये उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित, 08 मोबाईल फोन, 30 फर्जी आधार कार्ड–पैन कार्ड, 10 पेटीएम बाक्स के सिम, 45 क्यूआर कोड पेटीएम कम्पनी, 01 हुंडई कार आई–10 नम्बर डीएल 08एएफ 3341 बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरादमगी के सम्बन्ध में थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना भोपा पुलिस द्वारा अपने दोनो मासूम बच्चो की हत्या करने वाली मां को किया गिरफ्तार–**

  दिनांक 20.06.2025 को प्र0नि0 थाना भोपा श्री ओमप्रकाश सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 196/2025 धारा 103(1),123 बीएनएस में वांछित अभियुक्ता मुस्कान पत्नी वसीम निवासी ग्राम रूडकली थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

  दिनांक 20.06.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुरेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 4826/22 धारा 420,406,506 भादवि में वारण्अी अभियुक्त अखलाक पुत्र उस्मान निवासी ग्राम बेहडपुर थाना पिरन कलियर जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 20.06.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री प्रदीप नारायण, उ0नि0 श्री अनुपम सारस्वत मय हमराहीगण द्वारा 1. वाद संख्या 127/9/21 धारा 4/25 आयुध अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त मुन्ना पुत्र नूर मौहम्मद निवासी मौ0 इस्लामनगर थाना खतौली, मुजफ्फरनगर व 2. वाद संख्या 120/23 धारा 323,504,506 भादवि में वारण्टी अभियुक्त कल्लू पुत्र इलमचंद निवासी जोहडी थाना बिनौली बागपत को अभियुक्तगण के मस्कनों से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**
  दिनांक 19.06.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री सुशील कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 130/25 धारा 191(1),190,191(3),109(1),352 बीएनएस में वांछित अभियुक्त गौरव पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम सांझक थाना शाहपुर को होटल सेवन स्काई के पास महावीर चौक से गिरफ्तार किया गया।